# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## तेरहवां सत्र

## मौखिक उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

## मंगलवार, 17 नवम्बर, 2026/26, कार्तिक, 1948 (शक्)

---

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न 4**

---

### ओ0डी0आई0 सूची

***4438 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गत वर्ष से दिनांक 30.06.2026 तक डॉ0 वाई0एस0 परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी प्रशासन द्वारा अपने कुछ अधिकारियों/कर्मचारियों को ओ0डी0आई0 सूची में सम्मिलित किए जाने के संबंध में सरकार को पत्र प्रेषित किए गए हैं; यदि हां, तो पत्र कब-कब प्राप्त हुए तथा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम, पदनाम एवं स्थायी पते सहित ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार द्वारा इन अधिकारियों/कर्मचारियों को ओ0डी0आई0 सूची में सम्मिलित किया गया है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को इस सूची में सम्मिलित न किए जाने का निर्णय किस स्तर पर लिया गया; निर्णय से संबंधित विवरण एवं अभिलेख सभा पटल पर रखें?

---

## आरक्षित पद

*4697 **श्री सुरेश कुमार (भोरंज):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं ओ0बी0सी0 वर्ग के कितने आरक्षित पदों का बैकलॉग कब से रिक्त पड़ा है तथा सरकार इनको भरने हेतु कब तक प्रक्रिया आरम्भ करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

---

## Foreman Post Upgradation

*4705 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Deputy Chief Minister** be pleased to state is there any proposal under consideration of the Government to upgrade 150 posts of Foreman in Jal Shakti Vibhag; if yes, what is the latest status?

---

## विकास योजनाएं

*4761 **कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति) :**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक लाहौल और स्पीति विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सरकार द्वारा कितनी विकास योजनाओं की आधारशिला रखी गई; योजनावार ब्यौरा दें;

(ख) इनमें से कितनी योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं व कितनी प्रगति पर हैं; प्रत्येक योजना हेतु स्वीकृत धनराशि एवं किए गए व्यय का योजनावार ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि में इस निर्वाचन क्षेत्र में सरकार द्वारा स्वीकृत एवं आरंभ की गई योजनाओं अथवा कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण हुए तथा कितने लंबित हैं; योजनावार एवं कार्यवार स्थिति तथा लंबित कार्यों का कारण सहित ब्यौरा दें?

---

**शिमला: 171004.** **यशपाल शर्मा,**

**12 नवम्बर, 2026.** **सचिव**